(1)

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय,
# आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

दिनांक– 27/05/2023

**दिनांक 25.05.2023 (बृहस्पतिवार) को पूर्वाह्न 11:30 बजे महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के शिविर कार्यालय (डी0ए0वी0 पी0जी0 कॉलेज, आजमगढ़) के सभागार में आयोजित की गई कार्य परिषद की बैठक संख्या 05/2023 का कार्यवृत्त।**

**बैठक की उपस्थिति:–**

बैठक में एक सम्मानित सदस्य श्री श्रीचन्द शर्मा, एम0एल0सी0 (अध्यापक) मेरठ–सहारनपुर खण्ड, उ0प्र0 विधान परिषद, लखनऊ द्वारा वर्चुअल माध्यम से तथा शेष सभी सदस्यों द्वारा भौतिक रूप से प्रतिभाग किया गया।

| क्रं. | नाम | पद व सम्बद्धता/पता | कार्य परिषद में दायित्व |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा | कुलपति, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ0 प्रेमचन्द यादव | प्राचार्य, डी0ए0वी0 पी0जी0 कालेज, आजमगढ़ | सदस्य |
| 3. | डॉ0 यादवेन्द्र कुमार आर्य | कार्यवाहक प्राचार्य, गया प्रसाद राजकीय महिला कालेज, अंबारी, आजमगढ़ | सदस्य |
| 4. | डॉ0 नागेन्द्र द्विवेदी | प्राचार्य, श्री दुर्गा जी पी0जी0 कालेज, चण्डेश्वर, आजमगढ़ | सदस्य |
| 5. | डॉ0 ज्ञान प्रकाश वर्मा | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी मण्डल | सदस्य |
| 6. | श्री श्रीचन्द शर्मा | एम0एल0सी0 (अध्यापक) मेरठ–सहारनपुर खण्ड, उ0प्र0 विधान परिषद्, लखनऊ | सदस्य |
| 7. | श्री विजय कुमार सिंह | वित्त अधिकारी, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | विशेष आमंत्रित |
| 8. | प्रो0 शर्वेश पाण्डेय | सदस्य एवं कार्यवाहक कुलसचिव, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | सदस्य एवं सचिव |

मा0 कुलपति जी की आज्ञा से कुलसचिव जी द्वारा समस्त सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारम्भ की गई। कुलसचिव जी द्वारा सभी सदस्यों को बैठक की सूचना (पत्रांक–1498/कु0का0/2023, दिनांक 16.05.2023) व कार्यसूची ई–मेल/व्हाट्सएप तथा फोन के माध्यम से

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in


बैठक से पूर्व उपलब्ध करा दी गई थी। कुलसचिव जी द्वारा मदवार कार्यसूची पढ़ी गई जिस पर कार्य परिषद द्वारा समुचित विचारोपरान्त निर्णय लिए गए।

**मद सं0 1–** दिनांक 22 दिसम्बर 2022 को सम्पन्न हुई कार्य परिषद की बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–1)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा अपनी पूर्व बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन कर सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 2–** दिनांक 27 मार्च 2023 को सम्पन्न हुई वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–2)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन कर सम्पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 3–** दिनांक 24.12.2022, 25.03.2023, 01.04.2023, 13.04.2023 व 20.04.2023 को सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की बैठकों के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्तों की प्रति संलग्न हैं **(परिशिष्ट–3)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा पूर्व में सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की विभिन्न बैठकों का अवलोकन कर सम्पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 4–** विश्वविद्यालय परीक्षाओं में संलग्न सम्बद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों का 'ऑन ड्यूटी' माने जाने के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र संख्या–1236/कु0का0/2023, दिनांक 14.03.2023 अनुमोदनार्थ एवं अंकितार्थ हेतु विचारार्थ। **(परिशिष्ट–4)**।

**संकल्प–** 'ऑन ड्यूटी' के सम्बन्ध में उक्त पत्र का संज्ञान लेकर विचारोपरान्त कार्योत्तर अनुमोदन कर अंकित किया गया।

**मद सं0 5–** स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत विभिन्न महाविद्यालयों के स्थाई/अस्थाई सम्बद्धता के प्रकरणों के सम्बन्ध में सम्बद्धता समिति की संस्तुति पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किए जाने पर विचार करना **(परिशिष्ट–5)**।

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

सूच्य है कि उत्तर प्रदेश सरकार के संगत शासनादेशों के आलोक में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु मा0 कुलपति जी द्वारा गठित निरीक्षण मण्डल की आख्याएं प्राप्त हो गई हैं जिन पर शासनादेशानुरूप गठित सम्बद्धता समिति की संस्तुति के आलोक में सम्बद्धता प्रदान किए जाने पर विचार किया जाना है।

**संकल्प–** निम्नलिखित सूची के अनुसार सम्बद्धता हेतु निरीक्षण मण्डल की आख्या के क्रम में सम्बद्धता समिति की संस्तुति को स्वीकृत कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(आवश्यक कार्यवाहीः कुलसचिव द्वारा)**

| क्र. सं. | महाविद्यालय का नाम | आवेदित विषय/पाठ्यक्रम | पत्रावली में पायी गयी कमियां/आपत्ति | समिति का संस्तुति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री शारदा महाविद्यालय, खोर्रमपुर, बेलऊ, आजमगढ़ (स्थायी) | एम0ए0 (अंग्रेजी, शिक्षाशास्त्र, संस्कृत) | एम0ए0 द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल घोषित नहीं है। | इंगित कमियों की पूर्ति करने के उपरान्त महाविद्यालय को 1.07.2023 से स्थायी सम्बद्धता हेतु संस्तुति |
| 2. | माँ अष्टभुजी महिला महाविद्यालय, खोर्रमपुर, बेलऊ, आजमगढ़ (स्थायी) | एम0ए0 (गृहविज्ञान "चाईल्ड डेवलपमेन्ट") एम0एस–सी0 (रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान व गणित) | एम0ए0 एवं एम0एस–सी द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल घोषित नहीं है। | इंगित कमियों की पूर्ति करने के उपरान्त महाविद्यालय को 1.07.2023 से स्थायी सम्बद्धता हेतु संस्तुति |
| 3. | रामधन दमोदर महाविद्यालय, कसारा, मऊ। | एम0ए0 (हिन्दी, भूगोल, शिक्षाशास्त्र, गृहविज्ञान "चाईल्ड डेवलपमेन्ट", समाजशास्त्र) | पत्रावली पूर्ण | 01.07.2023 से अस्थायी सम्बद्धता हेतु दो वर्षों के लिए संस्तुति |
| 4. | श्यामसुन्दरी महिला महाविद्यालय, दुबारी, मऊ | एम0ए0 (हिन्दी, भूगोल, गृहविज्ञान " चाइल्ड डेवलपमेन्ट") एम0एस–सी (वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, गणित) | पत्रावली पूर्ण | 01.07.2023 से अस्थायी सम्बद्धता हेतु दो वर्षों के लिए संस्तुति |
| 5. | श्री शारदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खोर्रमपुर, बेलऊ, आजमगढ़ आजमगढ़ | एम0एस–सी0 कृषि (शस्य विज्ञान, उद्यान विज्ञान, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन, पादप रोग विज्ञान, कीट विज्ञान, कृषि रसायन एवं मृदा विज्ञान, पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान, कृषि प्रसार, कृषि अर्थशास्त्र) | पत्रावली पूर्ण | 01.07.2023 से अस्थायी सम्बद्धता हेतु दो वर्षों के लिए संस्तुति |
| 6. | शारदा शान्ती महाविद्यालय, | बी0ए0 (संस्कृत, भूगोल, | पत्रावली पूर्ण | 01.07.2023 से अस्थायी |

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

Website: www.msdsu.ac.in


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | बनकटा (बसगित) सदर, आजमगढ़। | हिन्दी, गृहविज्ञान, राजनीतिशास्त्र, अंग्रेजी, समाजशास्त्र) बी0एस–सी (रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान व गणित) | | सम्बद्धता हेतु तीन वर्षों के लिए संस्तुति |
| 7. | बी0बी0राय मेमोरियल विधि महाविद्यालय, खोर्रमपुर, आजमगढ़। | विधि त्रिवर्षीय (एल0एल0बी0) | पत्रावली पूर्ण | 01.07.2023 से अस्थायी सम्बद्धता हेतु तीन वर्षों के लिए संस्तुति |
| 8. | पं0 पंचदेव उपाध्याय महाविद्यालय, भवतर, गम्भीरपुर, लालगंज, आजमगढ़। | बी0ए0 (अंग्रेजी, भूगोल, हिन्दी, गृहविज्ञान, राजनीतिशास्त्र, इतिहास, समाजशास्त्र) बी0एस–सी (रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान व गणित) | पत्रावली पूर्ण | 01.07.2023 से अस्थायी सम्बद्धता हेतु तीन वर्षों के लिए संस्तुति |
| 9. | साई महाविद्यालय, छत्तरपुर, अहिरौली, आजमगढ़। | बी0ए0 (अंग्रेजी, भूगोल, संस्कृत, हिन्दी, गृहविज्ञान, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र) बी0एस–सी (रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान व गणित) | पत्रावली पूर्ण | 01.07.2023 से अस्थायी सम्बद्धता हेतु तीन वर्षों के लिए संस्तुति |
| 10. | स्वामी सहजानन्द सरस्वती शिक्षण प्रतिक्षण संस्थान, जिवली, आजमगढ़। | बी0ए0 (प्राचीन इतिहास, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, हिन्दी, गृहविज्ञान, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र) बी0एस–सी (रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान व गणित) | पत्रावली पूर्ण | 01.07.2023 से अस्थायी सम्बद्धता हेतु तीन वर्षों के लिए संस्तुति |
| 11. | श्री शारदा माता प्रसाद डिग्री कालेज, मईखरगपुर, आजमगढ़ | एम0कॉम0 | पत्रावली पूर्ण | 01.07.2023 से अस्थायी सम्बद्धता हेतु दो वर्षों के लिए संस्तुति |

**मद सं0 6–** विश्वविद्यालय में विधिक मामलों में परामर्श, शपथ–पत्र, आदि सम्बन्धित कार्यों हेतु प्रभारी–विधि नियुक्त किए जाने के सम्बन्ध में विचार। इस सम्बन्ध में कुलसचिव की टीप संलग्न है **(परिशिष्ट–6)**।

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

**संकल्प–** कार्य परिषद ने समुचित विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में विधि प्रकोष्ठ हेतु एक विधिक प्रभारी/अधिकारी जिसकी योग्यता एलएल.बी. के साथ न्यायालय में सिविल मामलों में 08 वर्ष का अनुभव हो तथा 02 विधिक सहायक जो विधि स्नातक की डिग्री धारक हों को योजित किए जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

परन्तु उक्त के सेवा शर्तों एवं वेतन निर्धारण हेतु मा0 कुलपति जी द्वारा एक समिति का गठन किया जाएगा, जो अपनी आख्या प्रस्तुत करेगी। उक्त आख्या वित्त समिति के सम्मुख प्रस्तुत की जाएगी, तत्पश्चात् वित्त समिति की संस्तुति के आलोक में कार्य परिषद द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

**(आवश्यक कार्यवाहीः कुलसचिव द्वारा)**

**मद सं0 7–** विश्वविद्यालय कार्य हेतु वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से गैर–शैक्षणिक कुशल/अकुशल कर्मी योजित किए जाने के सम्बन्ध में मा0 कुलपति जी द्वारा गठित समिति की आख्या पर विचार।

सूच्य है कि इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के पत्रांक 1425/कु0का0/2023, दिनांक 29.04.2023 द्वारा निम्नलिखित समिति का गठन किया गया है–

1. डॉ0 ज्ञान प्रकाश वर्मा, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी मण्डल।
2. श्री विजय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़।
3. प्रो0 शर्वेश पाण्डेय, कार्यवाहक कुलसचिव, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़।
4. श्री दीपक कुमार सिंह, सहायक कुलसचिव, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़।

उपरोक्त समिति की आख्या संलग्न है।

यह भी सूच्य है कि विश्वविद्यालय की वित्त समिति के मद संख्या 06 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु पारित बजट के क्रमांक संख्या 62 पर ''वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से नियुक्त कर्मिकों पर व्यय'' मद में धनराशि रू 60 लाख का प्रावधान किया गया है। जिससे उक्तवत् योजित कर्मियों के भुगतान पर विचार किया जा सकता है तथा शासन

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in


द्वारा वाह्य सेवा प्रदाता श्रेणी में स्वीकृत पदों के समतुल्य कर्मियों का भुगतान शासन द्वारा स्वीकृत वेतन मद से भी किए जाने पर विचार किया जा सकता है।

**संकल्प–** वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से कर्मी योजित किए जाने के सम्बन्ध में चार सदस्यीय समिति की बहुमतीय आख्या दिनांक 17.05.2023 को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया, जिसके अनुसार कार्य परिषद द्वारा पूर्व में अनुमोदित 15 कुशल तथा 10 अकुशल कर्मी तथा शासनादेश संख्या– 77/2022/1170/सत्तर–4–2022–70–4099/15/2022, दिनांक 03.08.2022 के अन्तर्गत स्वीकृत गैर–शैक्षणिक कर्मियों के सभी 22 पदों पर वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से तदानुरूप कुशल (तृतीय श्रेणी) व अकुशल (चतुर्थ श्रेणी) कर्मी योजित किए जाने पर कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

समिति की संस्तुति के अनुरूप उक्त कर्मियों के वेतन/पारिश्रमिक के भुगतान (श्रमायुक्त उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित रू0 478 प्रतिदिन के हिसाब से कुशल कर्मी हेतु तथा रू0 388 प्रतिदिन के हिसाब से अकुशल कर्मी हेतु) के सम्बन्ध में कार्य परिषद ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि उपरोक्तवत वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से योजित कर्मियों में से 11 ऐसे कर्मी जो शासनादेश दिनांक 03.08.2022 के अन्तर्गत वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से रखे जाने हेतु निर्देशित है, उनका (03 कुशल व 08 कुशल =11 कर्मी) भुगतान शासन द्वारा स्वीकृत बजट से तथा शेष अन्य कर्मियों का भुगतान विश्वविद्यालय के स्वस्रोत बजट से किया जाएगा। यदि किन्हीं कारण वश शासन द्वारा स्वीकृत बजट से 11 कर्मियों के पारिश्रमिक/वेतन भुगतान में कोई कठिनाई आती है/विलम्ब होता है तो उनका भुगतान भी विश्वविद्यालय के बजट से किए जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(आवश्यक कार्यवाहीः कुलसचिव व वित्त अधिकारी द्वारा)**

**मद सं0 8–** विद्वत परिषद व कार्य परिषद के पूर्व निर्णय के क्रम में शैक्षणिक व गैर–शैक्षणिक पदों के सृजन का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश शासन को प्रेषित कर दिया गया है। कार्य परिषद के संज्ञानार्थ व अंकितार्थ।

**संकल्प–** कार्य परिषद ने नवस्थापित विश्वविद्यालय में समस्त 11 संकायों में 30 विभागों की स्थापना व उक्त हेतु शैक्षणिक एवं गैर–शैक्षणिक कर्मियों के शासन को प्रेषित प्रस्ताव पत्रांक 36/कु.कार्या./2023/वी.सी., दिनांक 19.01.2023 का समुचित संज्ञान लिया व

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

विचारोपरान्त निम्नलिखित आवश्यकताओं के दृष्टिगत संशोधित प्रस्ताव शासन को पुनः प्रेषित करने का निर्णय लिया गया–

i. विश्वविद्यालय पुस्तकालय हेतु– पुस्तकालय अध्यक्ष के पद के सृजन की मांग भी की जाए।

ii. सूचना एवं प्रौद्योगिकी/डिजिटलाइजेशन के निरन्तर बढ़ते उपयोग एवं उपयोगिता के मद्देनज़र विश्वविद्यालय के आई0टी0 सेल हेतु 01 सिस्टम एनालिस्ट/कम्प्यूटर प्रोग्रामर, 02 सहायक सिस्टम एनालिस्ट/सहायक कम्प्यूटर प्रोग्रामर की मांग शासन को प्रेषित की जाए।

iii. विश्वविद्यालयीय पुस्तकालय हेतु 15 पुस्तकालय लिपिकों का प्रस्ताव स्वीकृति हेतु शासन को प्रेषित किया जाए।

**(आवश्यक कार्यवाहीः कुलसचिव द्वारा)**

**मद सं0 9–** विश्वविद्यालय में सत्र 2023–24 से अपने भवन में शिफ्ट होने एवं आवश्यक संसाधनों (फर्नीचर, फिक्सर्स, पुस्तकों, पत्रिकाओं, ई–स्रोत, उपकरणों/कम्प्यूटर्स/प्रिन्टर्स, आदि) की व्यवस्था किए जाने पर विचार।

सूच्य है कि इस प्रयोजन हेतु विश्वविद्यालय के बजट 2023–24 में क्रमांक 120 (पुस्तकें/सन्दर्भ ग्रन्थ (केन्द्रीय पुस्तकालय) ई–लाईब्रेरी) पर धनराशि रू0 2.00 करोड़, क्रमांक 82 (फर्नीचर एवं उपस्कर) पर धनराशि रू0 20 लाख, क्रमांक 114 (सी0सी0टी0वी0 कैमरा) पर धनराशि रू0 25 लाख तथा क्रमांक 116 (कम्प्यूटर–उपकरण क्रय एवं नेटवर्किंग कार्य) पर धनराशि रू0 50 लाख का प्राविधान किया गया है।

**संकल्प–** इस सम्बन्ध में वित्त समिति के संगत मदों में किए गए प्रावधान के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने का निर्णय लिया गया।

**(आवश्यक कार्यवाहीः कुलसचिव व वित्त अधिकारी द्वारा)**

**मद सं0 10–** विश्वविद्यालय कार्यों में संलग्न अधिकारियों/समन्वयकों/प्रभारियों/कर्मचारियों को मोबाइल सिम एवं मोबाइल/इण्टरनेट मासिक भत्ता दिए जाने के सम्बन्ध में विचार। इस सम्बन्ध में कुलसचिव कार्यालय का प्रस्ताव/टीप संलग्न है **(परिशिष्ट–7)**।

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in


**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा समुचित विचारोपरान्त विश्वविद्यालय अधिकारियों/समन्वयकों/प्रभारियों एवं सम्बन्धित वांछित कर्मचारियों को सी0यू0जी0 सिम व इंटरनेट की सुविधा निम्न शर्तों के अधीन अनुमत की गई–

i. आवश्यकतानुसार सी0यू0जी0 सिम विभिन्न दूरसंचार कम्पनियों द्वारा संचालित उचित मासिक और वार्षिक योजनाओं का उपयोग किया जाए जिसमें अनलिमिटेड कॉल्स व अधिकतम 2 जी.बी. इंटरनेट डाटा प्रतिदिन की सुविधा हो।

ii. यह सी0यू0जी0 सिम मा0 कुलपति जी के पूर्वानुमोदन से कुलसचिव द्वारा वांछित अधिकारियों/कर्मचारियों को उपरोक्त सुविधा के साथ उपलब्ध कराए जाएंगे।

iii. सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी का उक्त अनुभाग/विभाग से स्थानान्तरण की दशा में वह सी0यू0जी0 सिम सम्बन्धित विभागाधिकारी को वापस करना होगा ताकि उक्त विभाग/अनुभाग में उक्त सी0यू0जी0 सिम का उपयोग एवं उपयोगिता निरन्तरता में बनी रहे।

iv. उपरोक्त कार्य हेतु जो व्यय होगा उसका भुगतान विश्वविद्यालय के बजट से किया जाएगा।

**(आवश्यक कार्यवाहीः कुलसचिव व वित्त अधिकारी द्वारा)**

**मद सं0 11–** वित्त समिति में कार्य परिषद द्वारा एक सदस्य नामित करने के सम्बन्ध में विचार।

सूच्य है कि इस सम्बन्ध में एक व्यक्ति जो कार्य परिषद या विद्या परिषद का सदस्य अथवा विश्वविद्यालय की या किसी संस्था की या संघटक महाविद्यालय की सेवा में व्यक्ति या किसी सम्बद्ध या सहयुक्त महाविद्यालय की प्रबंध समिति का सदस्य या उस महाविद्यालय की सेवा में नहीं है, नामित किया जाना है।

**संकल्प–** समिति ने समुचित विचारोपरान्त प्रो0 मृदुल कुमार गुप्ता, गणित विभाग, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सर्वसम्मति से वित्त समिति का सदस्य नामित किया। प्रो0 मृदुल कुमार गुप्ता का वित्त समिति में कार्यकाल निर्धारित संगत नियमों/अग्रिम आदेशों तक मान्य होगा।

**(आवश्यक कार्यवाहीः कुलसचिव व वित्त अधिकारी द्वारा)**

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in


**अन्य कोई मद माननीय कुलपति जी की अनुमति से सभा पटल पर।**

1. कार्य परिषद में समुचित विचारोपरान्त विश्वविद्यालय की विभिन्न प्राधिकारियों/समितियों यथा कार्य परिषद, विद्वत परिषद, वित्त समिति, परीक्षा समिति, प्रवेश समिति, बोर्ड ऑफ स्टडीज, आर0डी0सी0, डी0आर0सी0, आदि में प्रतिभाग करने पर वाह्य सदस्यों को मानदेय निर्धारित किए जाने के सम्बन्ध में यह निर्णय लिया कि उक्त प्राधिकारियों/समितियों में प्रतिभाग करने हेतु वाह्य सदस्यों को जो मानदेय वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में निर्धारित है वही मानदेय यहां भी सर्वसम्मति से अनुमन्य किया जाता है।

अन्त में मा0 कुलपति जी की आज्ञा से कुलसचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं समस्त कार्य परिषद सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक का समापन किया गया।

**(प्रो0 शर्वेश पाण्डेय)**
कुलसचिव एवं सचिव–कार्य परिषद

**(प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा)**
मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष–कार्य परिषद